# अध्याय - 3 | लिंग, धर्म और जाति

**QUIZ PART-07**

**1. भारत में महिलाओं के साथ भेदभाव किस क्षेत्र में आज भी दिखाई देता है?**
A. शिक्षा
B. रोजगार और वेतन
C. कन्या भ्रूण हत्या
D. उपरोक्त सभी (D)

*व्याख्या :* महिलाओं को पर्याप्त शिक्षा नहीं मिलती, उनका श्रम अक्सर अवैतनिक होता है और कन्या भ्रूण हत्या जैसी प्रथाएँ अब भी प्रचलित हैं।

**2. सांप्रदायिक राजनीति का चरम रुप क्या है?**
A. धार्मिक प्रतीकों का उपयोग
B. धार्मिक आधार पर गोलबंदी
C. हिंसा, दंगा और नरसंहार
D. धार्मिक सुधार आंदोलन (C)

*व्याख्या :* सांप्रदायिक राजनीति का चरम रुप हिंसा, दंगे और नरसंहार है, जैसे 2002 गुजरात दंगे।

**3. भारत में अभी भी जातिगत असमानता का एक उदाहरण क्या है?**
A. अंतरजातीय विवाह
B. अस्पृश्यता का पूरी तरह समाप्त न होना
C. शिक्षा का समान अवसर
D. समान रोजगार अवसर (B)

*व्याख्या :* संवैधानिक निषेध के बावजूद अस्पृश्यता पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है और जातिगत असमानताएँ बनी हुई हैं।

**4. केवल जाति के आधार पर चुनाव परिणाम तय क्यों नहीं हो सकते?**
A. क्योंकि कोई जाति बहुमत में नहीं होती और पार्टियाँ सभी वोट नहीं ले पातीं
B. क्योंकि चुनाव केवल शहरी क्षेत्रों में होते हैं
C. क्योंकि चुनाव आयोग इसकी अनुमति नहीं देता
D. क्योंकि धर्म अधिक महत्वपूर्ण होता है (A)

*व्याख्या :* किसी भी संसदीय क्षेत्र में एक जाति का स्पष्ट बहुमत नहीं होता और कोई पार्टी किसी जाति के सभी वोट नहीं ले पाती।

**5. भारत की विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सामान्यतः कितना रहा है?**
A. 15% B. 10% से कम
C. 20% D. 25% (B)

*व्याख्या :* महिलाओं का प्रतिनिधित्व सामान्यतः लोकसभा में 10% से कम और विधानसभाओं में लगभग 5% रहा है।

**6. स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण कितना है?**
A. 10%
B. 20%
C. 33%
D. 50% (C)

*व्याख्या :* पंचायतों और नगरपालिकाओं में एक-तिहाई (33%) सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

**7. भारत को धर्मनिरपेक्ष देश बनाने का एक संवैधानिक प्रावधान क्या है?**
A. एक धर्म को राजकीय धर्म बनाना
B. धर्म के आधार पर भेदभाव की अनुमति देना
C. सभी धर्मों का पालन और प्रचार करने की स्वतंत्रता देना
D. केवल बहुसंख्यक धर्म को बढ़ावा देना (C)

*व्याख्या :* संविधान सभी नागरिकों को किसी भी धर्म का पालन करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है।

**8. लिंग विभाजन का क्या अर्थ है?**
A. स्त्री और पुरुष के बीच जैविक अंतर
B. समाज द्वारा दी गई असमान भूमिकाएँ
C. बच्चों की संख्या का अनुपात
D. महिलाओं को मतदान का अधिकार न देना (B)

*व्याख्या :* लिंग विभाजन का मतलब है समाज द्वारा स्त्री और पुरुष को दी गई असमान भूमिकाएँ।

**9. भारत में महिलाओं के लिए आरक्षण किस स्तर पर उपलब्ध है?**
A. केवल लोकसभा
B. केवल विधानसभाएँ
C. पंचायत राज संस्थाएँ
D. केवल मंत्रालय (C)

*व्याख्या :* महिलाओं के लिए आरक्षण पंचायत और शहरी स्थानीय निकायों में उपलब्ध है।

**10. भारत के संविधान में धर्मनिरपेक्षता की सही विशेषता कौन-सी है?**
A. एक धर्म को सर्वोच्च मानना
B. धार्मिक आधार पर भेदभाव करना
C. किसी धार्मिक समुदाय के साथ भेदभाव न करना
D. धार्मिक आधार पर शासन करना (C)

*व्याख्या :* संविधान स्पष्ट करता है कि किसी भी धार्मिक समुदाय के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता, यही धर्मनिरपेक्षता है।